लापरवाही

दूषित पानी से लोगों को सता रहा बीमार होने का डर, पुराने फिल्टर प्लांट में भी फैली गंदगी

# नाली के अंदर से दिए गए हैं कई नल कनेक्शन

**नवभारत,दमोह 3 जनवरी।** शहर के पुराने फिल्टर प्लांट से अभी भी कुछ स्थानों पर पानी सप्लाई हो रहा है, जिसमें गंदा पानी सप्लाई होने की संभावना है. वहीं जिन वार्ड में पानी सप्लाई हो रही है वहां नाली से होकर यह नल कनेक्शन गुजरे हैं, जिससे कभी भी यह पानी दूषित हो सकता है और लोग बीमार हो सकते हैं.

इंदौर में जिस प्रकार से दूषित पानी पीने से 15 लोगों की मौत हुई है और सैकड़ों लोग बीमार हुए हैं. उसके बाद लोग पीने के पानी को लेकर सतर्कता बरत रहे हैं. दमोह शहर की इंदिरा कॉलोनी में नाली के भीतर से होकर नल कनेक्शन लोगों के घरों तक पहुंचे हैं. जिससे कभी भी दूषित पानी उनके घर पहुंच सकता है और लोग बीमार हो सकते हैं.



### पुराने फिल्टर प्लांट से अभी भी हो रही पानी की सप्लाई

बताया जा रहा है कि पुराना फिल्टर प्लांट वर्तमान में यहां चालू है और इसमें काफी अधिक गंदगी है. शनिवार दोपहर पुराने फिल्टर प्लांट को देखा गया, तो यहां पर सफाई की जा रही थी, जिसमें काफी अधिक गंदगी सामने आई. फिल्टर के कर्मचारियों ने बताया कि कुछ ही दिनों बाद इंदिरा कॉलोनी में नए फिल्टर प्लांट से सप्लाई होगी. पुराना फिल्टर प्लांट पूर्ण रूप से बंद हो जाएगा.

### नालियों का दूषित पानी घरों में पहुंचा तो सैकड़ों लोग होंगे प्रभावित

इसी बीच यदि नालियों का दूषित पानी इन नल कनेक्शनों के माध्यम से सैकड़ों लोगों के घर तक पहुंच गया तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितने अधिक लोग बीमार हो सकते हैं. इंदिरा कॉलोनी के अलावा ऑफिसर कॉलोनी में भी इसी पुराने फिल्टर प्लांट से पानी सप्लाई होता है.

### इनका कहना है



शासन से निर्देश प्राप्त होने के बाद फिल्टर प्लांट की सफाई का काम चल रहा है. जहां-जहां नाली से होकर नल कनेक्शन गुजरे हैं उनके लीकेज जांचे जा रहे हैं. साथ ही 15 वार्डों में पानी के सैंपल लिए गए हैं. जिन्हें जांच के लिए पीएचई भेजा गया है. जहां भी इस प्रकार लाइन नाली से होकर गुजरी है वहां प्रयास किया जा रहा है कि इन्हें वहां से हटाकर सुरक्षित स्थानों से नई पाइपलाइन बिछाई जाए.

**राजेंद्र सिंह लोधी, सीएमओ नगर पालिका**



# सोमनाथ शिवलिंग दर्शन को उमड़ा सैलाब

▶ रुद्र पूजा व शिव आराधना का किया गया आयोजन

**नवभारत,हटा 3 जनवरी।** उपकाशी के नाम से प्रसिद्ध आस्था की पावन नगरी हटा में सोमनाथ शिवलिंग भारत यात्रा के शुभ अवसर पर भव्य रुद्र पूजा व शिव आराधना का आयोजन किया गया. भगवान गौरीशंकर व जगतजननी मां चंडी की इस पावन भूमि पर हजारों शिव भक्तों ने चमत्कारिक सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर नव वर्ष की शुरुआत आध्यात्मिक उल्लास के साथ की.

इस अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और आस्था से ओत-प्रोत वातावरण में भजन, कीर्तन व विधिवत रुद्राभिषेक संपन्न हुआ.जिले भर से पहुंचे श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति के कारण संपूर्ण क्षेत्र हर-हर महादेव के जयघोष से शिवमय हो उठा. बैंगलोर के आर्ट ऑफलिविंग के स्वामी शिव तेज के पावन सानिध्य में विधिपूर्वक शिव पूजा व रुद्र पूजा का आयोजन किया गया. रुद्राभिषेक के उपरांत श्रद्धालुओं ने पवित्र सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन किए.

### इनका रहा विशेष योगदान

इस पावन आयोजन में आर्ट ऑफ लिविंग वैदिक धर्म संस्थान की राज्य समन्वयक मनीषा तुंबा, बीडीएस जोनल कोर्डिनेटर पद्मश्री मुद्गल, पार्थिव शिवलिंग निर्माण आचार्य रज्जन प्रसाद और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल का विशेष योगदान रहा. शिक्षक आशुतोष सुहाने, राजबहादुर पटेल, उदयभान पटेल, गौरव सिंघई, शिव राय, संदीप राय, पवन बजा, अभिषेक सुहाने, अनिल पटेल, आनंद नामदेव, ऋतिक गुप्ता,मनोज चौरसिया व शोभित फौजदार ने सक्रिय भूमिका निभाई.





# भरत चक्रवर्ती की निकली दिग्विजय यात्रा

▶ कुबेर ने बरसाए रत्न, आज होगा वात्सल्य नगर भोज

**नवभारत, फुटेराकला 3 जनवरी।** बटियागढ़ तहसील के कस्बा फुटेराकला में श्री समवशरण महामंडल विधान के अंतर्गत शनिवार को भरत चक्रवर्ती की दिग्विजय यात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया. यात्रा ढोल-नगाड़ों की गूंज और धार्मिक भजनों के बीच बग्गियों में सवार पात्रों के साथ गांव के प्रमुख मार्गों से निकाली गई.

यात्रा में संगीत मंडल द्वारा देव, शास्त्र और गुरु के गुणों का गान करते हुए भक्ति-भाव से भजन प्रस्तुत किए गए. दिग्विजय यात्रा में समस्त समाजों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई. विधान के मुख्य पात्रों ने इंद्र और इंद्राणी की भव्य भेष-भूषा धारण कर यात्रा में विशेष आकर्षण उत्पन्न किया. यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के बीच मिष्ठान्न एवं फलों का वितरण किया गया.

भरत-बाहुबली नाटक का मंचन किया गया

पूरे गांव में भरत चक्रवर्ती के स्वागत हेतु रंगोलियां सजाई गईं, वहीं धनपति कुबेर द्वारा रत्नों की वर्षा ने वातावरण को और भी अलौकिक बना दिया. दिग्विजय यात्रा पंडाल से प्रारंभ होकर बाजार, बस स्टैंड सहित मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः पंडाल में संपन्न हुई. सभी समुदाय के लोगों ने अपने-अपने घरों के सामने यात्रा देखी और श्रद्धा से स्वागत किया. रात्रिकाल में धार्मिक एवं ऐतिहासिक कथा पर आधारित भरत-बाहुबली नाटक का मंचन किया गया.

## आज शुरू होगी श्रीमद् भागवत कथा

**नवभारत,दमोह 3 जनवरी।** नगर के फुटेरा वार्ड नंबर 4 स्थित श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण शाला, फुटेरा वार्ड नर्सिंग मंदिर के पास श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 4 से 10 जनवरी तक स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज के कृपा पात्र महंत गुरुदेव स्वामी श्रवणानंद सरस्वती महाराज के मुखारविंद से होने जा रहा है। कथा के शुरुआत से पहले रविवार सुबह कलश यात्रा सुबह 9 बजे से प्राचीन श्री राम मंदिर, बहराम टॉकीज के पीछे प्रेम निवास लॉज के पास दमोह से प्रारंभ होकर घंटाघर, मीनाक्षी मंदिर, महाकाली चौराहा होते हुए कथा स्थल श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण शाला फुटेरा वार्ड में पहुंचेगी। यात्रा के उपरांत कथावाचक महंत गुरुदेव स्वामी श्रवणानंद सरस्वती महाराज के मुखारविंद से सभी धर्म प्रेमी बंधुओ माता बहनों को कथा सुनायेंगे।

# ग्राम घुघरावासियों को जन चौपाल से मिली राहत

कलेक्टर जमीन पर बैठकर ग्रामीणों से रूबरू हुये, समस्याओं को समझा और हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

**अमर सेन**

**कुम्हारी नवभारत 3 जनवरी।** पटेरा जनपद से जुड़ी ग्राम पंचायत गाड़ाघाट के घुघरा गांव में मूलभूत समस्याओं को लेकर नवभारत ने प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया था। इस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर सुधीर कोचर ने जन चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं को समझा और हर संभव मदद करने का वादा किया। गांव में बड़ी समस्या सड़क की है, जो आवागमन के लिए महत्वपूर्ण है। ग्रामीण आज भी विकास की प्रबल धारा से मीलों दूर है। जिले के मुखिया ने यहां पहुंचकर अलख जगा दी है। उन्होंने गांव भ्रमण कर ग्रामवासियों से समस्याओं पर जितनी जल्दी हो निराकरण का आश्वासन दिया।

### पशुओं का टीकाकरण भी किया

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर रात्रि चौपाल के दौरान एक सामान्य व्यक्ति की तरह जमीन पर बैठकर ग्रामीणों से रूबरू हुये और ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं के तहत आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, समग्र आईडी, स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधाएं प्रदान की गईं। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया, जिसमें अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे सामने आए। साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं का टीकाकरण भी कराया गया।






### समस्याओं को तीन भागों में विभाजित किया गया

कलेक्टर कोचर ने एक सामान्य व्यक्ति की तरह ग्राम घुघरा में ही रात बिताई। प्रातः 6:30 बजे से 8:30 बजे तक उन्होंने ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए। समस्याओं को मुख्यतः तीन भागों में विभाजित किया गया। पहला, अधोसंरचना से संबंधित विषय, जिसमें सीसी रोड, सामुदायिक भवन और किचन शेड निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं।

### सभी बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र इसी माह तैयार होंगे

दूसरा, हितग्राही मूलक सेवाएं, जिसमें सबसे गंभीर समस्या जन्म प्रमाण पत्र का अभाव होना सामने आया। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने से आधार, समग्र आईडी, जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं, जिससे बच्चों की स्कूल में पढ़ाई और योजनाओं का लाभ बाधित हो रहा है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जनवरी माह में घोघरा गांव में कोई भी व्यक्ति बिना जन्म प्रमाण पत्र के नहीं रहेगा और सभी बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र इसी माह तैयार कराए जाएंगे।

## एक नजर में

### मछली मारने गये युवक की करंट लगने से मौत



**कुम्हारी नवभारत।** पटना ग्राम पंचायत से जुड़े गांव टपरिया की चीलघाट नदी में मछली मारने गए तीन युवाओं में से एक को करंट लगने से मौत हो गई। घटना की जानकारी कुम्हारी थाना प्रभारी बृजेश पांडे को दी गई। घटना स्थल पर पहुंचे एएसआई गोविंद सिंह ने युवा सोनू आदिवासी का शव पोस्टमार्टम के लिए पटेरा भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सत्येंद्र भारतीय तैलिक महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष बने




**नवभारत,दमोह।** भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व राजयसभा सदस्य रामनारायण साहू के आदेशानुसार, मुख्य सरंक्षक प्रधानमंत्री के भाई प्रहलाद मोदी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेशनन्दलाल व प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने सत्येंद्र साहू को भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया.भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा मे सत्येंद्र साहू को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं समाज के वरिष्ठ जनो ने प्रेषित की।



### उसी कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी जायेगी जो वफादारी से काम करेगा : यादव

**नवभारत,दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला कार्यालय में जिला समन्वय समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से सभी ने अपनी अपनी बात रखी। जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि जो मंडलम सक्रिय है उन्हें यथावत रखे व जो निष्क्रिय है वहां ब्लाक अध्यक्ष भी बदल सकते हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने जो मनरेगा योजना का नाम बदला है उनका हमें पंचायत स्तर पर निषेध करना है। पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिंह ने कहा कि किसी विधानसभा में 30 से 40 पोलिंग बूथ बढ़े है उनमें भी हमें मंडलम अध्यक्ष शीघ्र ही बनाना है.



### दुर्घटना से बचने हेलमेट का उपयोग करें : एसपी

**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने मीडिया जनों की उपस्थिति में हेलमेट का वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर विशेष रूप से मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने आम जनों से आग्रह करते हुए कहा कि हेलमेट वितरण करना हमारा लक्ष्य नहीं है, हमारा लक्ष्य है आमजन जागरूक हो और हेलमेट का उपयोग करें, ताकि दुर्घटनाओं में सुरक्षा हो सके।

# अब गांव में ही उपचार की सुविधा : लोधी

मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण

**नवभारत,जबेरा 3 जनवरी।** जबेरा विधानसभा में 65 लाख रुपए की लागत से बने उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने किया. यह उप स्वास्थ्य केंद्र जबेरा विधानसभा के घाना में स्थित है और इसका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है.

इस अवसर पर मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि लोगों को उनके घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें. उन्होंने कहा कि यह उप स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी सुविधा है और इससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी. निश्चित ही इस केंद्र के निर्माण से ग्रामवासियों सहित अन्य ग्रामों के लोगों को उपचार हेतु जबेरा या नोहटा नहीं जाना पड़ेगा. अब ग्राम में ही उपचार की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने डॉक्टर को निर्देशित किया कि वह गांव में ही निवास कर लोगों का उपचार करेंगे.



### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, जबेरा मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, नोहटा मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, कमल सिंघई, रानू नामदेव, नीरज जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामवासियों की उपस्थिति रही.



## बुजुर्ग की ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से मौत

**नवभारत,बटियागढ़।** बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बकायन गांव निवासी सुभाष जैन अपने खेत में कृषि का कार्य कर रहे थे. उसी खेत में विद्युत ट्रांसफार्मर रखा हुआ था. उसी के पास से वो निकले और जमीन गीली होने की वजह से करंट की चपेट में आ गए. बकायन सरपंच सहित परिजनों को जब जानकारी लगी, तो वो तत्काल सुभाष जैन को सीएचसी बटियागढ़ लेकर आये. जहां पर ड्यूटीरत डॉक्टर ने जांच के बाद सुभाष जैन को मृत घोषित कर दिया. मृतक के पुत्र ने बताया कि मेरे पिता खेत कार्य कर रहे थे. किसी काम के लिए वो विद्युत ट्रान्सफार्मर के पास गए और करंट की चपेट में आ गए.

# पति-पत्नी व बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला

▶ कचरा फेंकने से रोकने पर हुआ था विवाद, हटा के कंजरा गांव की घटना

**नवभारत,हटा 3 जनवरी।** जिले के हटा थाना क्षेत्र के कंजरा मडिया गांव में शनिवार सुबह कचरा फेंकने के विवाद पर पड़ोसी ने पति-पत्नी और बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया. घटना में तीनों घायलों को गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है, जिनका उपचार ड्यूटीरत डॉक्टर द्वारा किया गया.

हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी और पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. घायल कल्लो बाई ने बताया कि उसके आंगन में पड़ोसी बलई सिंह सिंह ने कचरा फेंक दिया था. उन्होंने रोका तो उसने कुल्हाड़ी से उनके पति ज्ञान सिंह और बेटे महेंद्र सिंह पर हमला कर दिया. जब वह बीच बचाव करने पहुंची तो उन्हें भी मारा गया. इसके बाद घर के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग निकला.

### मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की

घायल कल्लो बाई ने बताया कि वह अकेली ही घर में काम करने वाली है. बहू के यहां डिलीवरी हुई है इसलिए वह काम नहीं कर पाती.केवल कचरा फेंकने को लेकर उन्होंने मना किया था, जिस पर हमला किया गया है. घायलों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है, वहीं घटना की जानकारी हटा थाना पुलिस को दी गई है और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

धर्म

पूर्णमासी के अवसर पर सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में वृहद महा शांतिधारा आयोजित, ऋद्धीमंत्रों का जाप वातावरण को शांत और पवित्र बनाता है

# मंत्र जीवन में कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं : मुनि प्रमाणसागर

**नवभारत,हटा 3 जनवरी।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में युगश्रेष्ठ परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज एवं परंपराचार्य आचार्य समयसागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से मुनि प्रमाणसागर महाराज के मंगल सानिध्य में पूर्णमासी के अवसर पर वृहद शांतिधारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शांतिधारा करने का सौभाग्य श्रेष्ठी संजय डॉ. मनीषा, मेहुल सिंघई, रतनचंद, श्रद्धा जैन परिवार यूएसए, आलोक, प्रियंका, ऐरा, सतीश जैन परिवार इतवारी नागपुर, ललितेश, मुकेश, नितिन, अंकित जैन परिवार फिरोजाबाद, पंकज, अतिशय, यश जैन मुरादाबाद, अनुराग, जिनेश कुमार सोधिया गढ़ाकोटा ने प्राप्त किया।



### वृहद शांतिधारा का महत्व बताया

मुनि प्रमाणसागर महाराज ने वृहद शांतिधारा का वाचन किया। इस अवसर पर मुनि श्री ने वृहद शांतिधारा का महत्व बताते हुए कहा कि जब कभी भी हमारा मन अशांत होता है, तो अरिष्ट निवारक इन वृहद शांतिमंत्रों का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऋद्धीमंत्रों का जाप जीवन में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा को स्थापित कर वातावरण को शांत और पवित्र बनाता है, जो मानसिक शांति और आध्यात्मिक उत्थान में सहायक सिद्ध होता है।

### मंत्रों के जाप से अशुभ कर्म नष्ट हो जाते हैं

उन्होंने कहा कि इन मंत्रों के जाप से अशुभ कर्म नष्ट हो जाते है जो समाज में आध्यात्मिक शुद्धि ओर एकता की ओर अग्रसर करता है तथा व्यक्तिगत रुप से सांसारिक दुखों से मुक्ति पाने में मदद करता है। शांतिमंत्रों की तरंगें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं तथा यह माना जाता है कि शांतिमंत्रों के नियमित प्रयोग से बीमारियां दूर हो जाती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

### आत्मज्ञान ही हमारे जीवन के उत्कर्ष का आधार है : जलज

प्रचारमंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि शनिवार को प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक 55 मिनट की यह वृहद शांतिधारा मुनि श्री के मुखारविंद से संपन्न की गई. मुनि श्री ने कहा कि मंत्रों की एकाग्रता से सांसारिक चिंताओं से दूर होकर आत्मा के शुद्ध स्वरूप पर ध्यान केंद्रित हो जाता है। आत्मज्ञान ही हमारे जीवन के उत्कर्ष का आधार है, आत्मा को जाने बिना कभी भी कल्याण नहीं हो सकता जिसको एक बार आत्मज्ञान हो जाता है,उसकी प्रवृत्ति में स्वाभाविक सहजता आ जाती है। में कौन हुं?

# जनता की समस्याओं का करेंगे निराकरण

नवभारत से बातचीत में नवनिर्वाचित जनपद सदस्य साहिल ने कहा- वादों को पूरा किया जाएगा

**कुम्हारी नवभारत 3 जनवरी।** जिला पंचायत क्रमांक 10 कुम्हारी क्षेत्र से जीते साहिल सिंह अब जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने प्रयासरत है. साहिल सिंह ने कहा कि क्षेत्र में जो समस्याएं हैं, उनसे निजात दिलाने के प्रयास किए जाएंगे. क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय स्तर की पढ़ाई करने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है, क्योंकि यहां कक्षा 12वीं के बाद पढ़ाई के लिए महाविद्यालय नहीं है। कन्या शाला नवमीं से 12वीं तक हैं जहां छात्राओं की पढ़ाई का स्तर सुधारने की जरुरत है। दमोह-कटनी हाईवे पर अक्सर का सड़क हादसों में इजाफा हो रहा हैं, जिसको लेकर शव गृह बने. गांव में दो तालाब होने के बाद भी



किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाता है. इसकी मुख्य वजह है नहर नहीं होना है, यदि किसानों के हित में नहर का निर्माण किया जाए तो कृषि पर आधारित यह क्षेत्र पैदावार में आगे बढ़ेगा.

### नहर का निर्माण है जरुरी

ह्यह्यकिसानों ने इसको लेकर जिला प्रशासन से पत्राचार किया है, मगर नहर का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया. क्षेत्र के लिए यह बड़ी ही समस्या है, जिसका निराकरण होना आवश्यक है. जीत को लेकर नवभारत संवाददाता ने जिला सदस्य से लगातार बातचीत की और उन्होंने जनता से किए गए वादों को पूर्ण करने आश्वासन दिया.